भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 345**
04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना**
**345. श्री बृजमोहन अग्रवालः**
**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**
(क) सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत किसानों को स्प्रिंकलर, माइक्रो-स्प्रिंकलर, ड्रिप उपकरण एवं अन्य कृषि उपकरणों के लिए दिया गया अनुदान प्रति उपकरण लागत का कितना प्रतिशत है;
(ख) सरकार द्वारा गत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान लागत के प्रतिशत के रूप में कितना अनुदान प्रदान किया जा रहा है;
(ग) क्या सरकार ने अनुदान राशि में कमी की है और यदि हां, तो उक्त राशि में कितनी कमी की गई है तथा इसके क्या कारण हैं; और
(घ) छत्तीसगढ़ सहित देश में सूक्ष्म-सिंचाई द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) एवं (ख) : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों के अनुसार, छोटे एवं सीमांत किसानों तथा अन्य किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की इकाई लागत का क्रमशः 55% और 45% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच वित्तपोषण पैटर्न पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है, जहां यह अनुपात 90:10 है। संघ राज्य क्षेत्रों के लिए, केंद्र सरकार द्वारा 100% वित्तपोषण प्रदान किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) योजना के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 5800.99 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई थी। वर्तमान वर्ष के लिए, अब तक 1916.21 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

(ग) सरकार इस योजना के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय सहायता बढ़ाकर सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने पर अधिक बल दे रही है। राज्यों को जारी की जाने वाली निधियों (फंड) में पर्याप्त वृद्धि हुई है, विशेषकर उन राज्यों में जहां जल संकट वाले क्षेत्र अधिक हैं।

(घ) वर्ष 2015-16 से अब तक, देश में प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई के तहत 95.58 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ का 1.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है।

*******